हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 27 जून 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पौधा...



07 गलियों और कूचों में भरे बारिश के बाद गंदे पानी ...



## खबर संक्षेप

### देशी विदेशी भक्तों के साथ कल निकाली जाएगी रथ यात्रा

**विदिशा।** भक्तिवेदांत विद्या भवन (गुरुकुल) श्रीश्री राधा पार्थसारथी मंदिर विदिशा के तत्वावधान में देशी विदेशी भक्तों के साथ 28 जून शनिवार को भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा के समापन पर भक्तों को भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। रथयात्रा समिति के घनश्याम बंसल, नीरज चौरसिया, पलाश अग्रवाल, कृष्ण कुमार गुप्ता, राधेश्याम माहेश्वरी, रत्नेश गर्ग ने रथ यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रितुज एलिया, जेएस चौहान, मुकेश गुप्ता आदि मौजूद रहेंगे।

### एसएटीआई में रोजगार युवा संगम मेला आज

**विदिशा।** एसएटीआई के कैलाश सत्यार्थी हाल में आज शुक्रवार को सुबह 10 बजे से रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस युवा संगम मेले का आयोजन किया जाएगा। वॉल्वो आयशर, टाटा मोटर्स, सिंटेक्स, यजकी मिंडा जैसी प्रमुख कंपनियां आईटीआई, डिप्लोमा, 10वीं, 12वीं व स्नातक युवाओं का चयन करेंगी। मेला विशेष रूप से आईटीआई धारकों के लिए है। अभ्यर्थियों को पंजीयन करना अनिवार्य है। मूल प्रमाण पत्र, छायाप्रति व दो फोटो लाना अनिवार्य है। जानकारी के लिए आईटीआई प्लेसमेंट सेल से संपर्क किया जा सकता है।

### शाश्वत शर्मा लायंस क्लब मेन अध्यक्ष बने

**विदिशा।** लायंस क्लब विदिशा मेन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें लायन शाश्वत



शर्मा को सत्र 2025-26 के लिए अध्यक्ष घोषित किया गया। उपाध्यक्ष अभयराज पचौरी, सचिव देशराज पचौरी, कोषाध्यक्ष रामू राम जाट सहित अन्य पदाधिकारियों का स्वागत पुष्पहारों से किया गया। नॉमिनेशन रिपोर्ट लायन योगेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में प्रस्तुत की गई। ध्वज वंदना लायन यशवंत प्रताप सिंह राठौड़ ने की। इस अवसर पर नए सदस्यों ने क्लब से जुड़ने की सहमति दी। लायन डॉ. रवि साहू को जोन चेयरपर्सन नियुक्त किया गया।

### लोकेंद्र युवा शिवसेना के जिला अध्यक्ष बने

**विदिशा।** युवा शिवसेना के संगठनात्मक विस्तार एवं सक्रियता के अंतर्गत विदिशा जिले के शेरपुर स्थित शिवसेना कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य प्रमुख सुनील शर्मा और युवा शिवसेना प्रदेश अध्यक्ष प्रभात पूर्णिया की अनुशंसा पर लोकेंद्र सिंह ठाकुर को एक बार फिर युवा शिवसेना जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और जनसेवा को प्राथमिकता देने पर चर्चा हुई।

## चप्पे-चप्पे पर पुलिस रहेगी तैनात, सीसीटीवी कैमरों से की जा रही रथयात्रा मार्ग व मेले की निगरानी

# आज भक्तों को दर्शन देने निकलेंगे भगवान जगन्नाथ, पिंड भरते मानोरा पहुंच रहे श्रद्धालु

जगदीश स्वामी की रथ यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है बल्कि यह आयोजन क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को भी जीवंत करता है। हर वर्ष की तरह इस बार भी मानोरा में भक्ति का महाकुंभ देखने को मिल रहा है, जहां भगवान के दर्शन के लिए सैकड़ों मील से श्रद्धालु पिंड भरते हुए पहुंच रहे हैं। यात्रा की महिमा और भक्तों की श्रद्धा इस आयोजन को अद्वितीय बनाती है।



### मान्यता से जुड़ी है भक्त की अद्भुत भक्ति कथा

पौराणिक मान्यता के अनुसार, भक्त मानकचंद और उनकी पत्नी पद्मावती उड़ीसा के जगन्नाथपुरी मंदिर की यात्रा पर निकले थे। पिंड भरते हुए दोनों लहूलुहान हो गए, तब भगवान उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर प्रकट हुए और वरदान स्वरूप प्रति वर्ष आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के दिन मानोरा आने का वचन दिया। तभी से यह रथ यात्रा यहां श्रद्धा और भक्ति के साथ निकाली जाती है।



विदिशा। जगदीश स्वामी के दर्शनों के लिए अभी से पहुंच रहे श्रद्धालु।

हरिभूमि ⏭ विदिशा/ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर तहसील के ऐतिहासिक नगर जगदीशपुरी मानोरा में इस वर्ष भी जगदीश स्वामी रथ यात्रा का भव्य आयोजन श्रद्धा, उल्लास और सुरक्षा व्यवस्था के साथ शुरू हुआ।

लगभग 200 वर्षों पुरानी इस परंपरा में देशभर से लाखों श्रद्धालु भगवान जगदीश स्वामी के दर्शन को पहुंच रहे हैं। तीन दिवसीय इस धार्मिक मेले का आयोजन 26 जून से 28 जून तक किया जा रहा है। यात्रा के दौरान मंदिर के गर्भगृह के पट प्रातः 4 बजे स्वतः खुल जाते हैं और हजारों श्रद्धालु भगवान के 'जय जगदीश हरे' के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना देते हैं। पुजारी भगवती प्रसाद ने बताया कि सुबह 7 बजे भगवान जगदीश स्वामी अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर आरूढ़ होकर नगर भ्रमण के लिए निकलते हैं। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर तैनात है, वहीं ड्रोन कैमरे और सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस मुस्तैद है। मेले में आने वाले यात्रियों के लिए पेयजल, भोजन, ठहरने और चिकित्सा की भी समुचित व्यवस्था की गई है। यह रथ यात्रा सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता का प्रतीक भी है। समाजसेवी संगठनों द्वारा विभिन्न स्थानों पर लंगर, शरबत वितरण एवं सेवा कार्य किए जा रहे हैं। जनकपुरी तक रथ यात्रा के पहुंचने के बाद भगवान रात्रि विश्राम करते हैं और दूसरे दिन शाम 4 बजे गर्भगृह में लौटते हैं।

रथ यात्रा के साथ तीन दिन तक भव्य मेला भी आयोजित होता है जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। मानोरा का संपूर्ण क्षेत्र इन दिनों भक्ति, संस्कृति और सेवा भावना से सराबोर हो जाता है।

### जगन्नाथ रथयात्रा का यूटोपिया में भजन संध्या के साथ होगा समापन

**विदिशा।** सांची में पहली आज शुक्रवार शाम 6 बजे भगवान जगन्नाथ जी की भव्य रथयात्रा का आयोजन किया जाएगा। रथयात्रा यूटोपिया रिसोर्ट से शुरू होगी। भगवान जगन्नाथ अपने भ्राता बलभद्र और सुभद्रा के साथ रथ पर आरूढ़ होकर नगर भ्रमण करेंगे। रथ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः यूटोपिया रिसोर्ट पहुंचेगी, जहां हरिहर मिलन और भजन संध्या के साथ आयोजन का समापन होगा। भजन संध्या में भोपाल के सुप्रसिद्ध भजन गायक पंडित विजय चतुर्वेदी रात्रि 8 बजे से भजनों की प्रस्तुति देंगे। इस रथयात्रा में विशेष आकर्षण के रूप में विख्यात फिल्म अभिनेता एवं सांसद रविकिशन भी उपस्थित रहेंगे यूटोपिया रिसोर्ट के संचालक सचिन ताम्रकार ने बताया कि यह आयोजन सांची नगर में पहली बार हो रहा है। उन्होंने सांची, कमापार और नौनाखेड़ी सहित आसपास के ग्रामवासियों से रथयात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### द्वारकाधीश मंदिर से भगवान कृष्ण, बलराम और सुभद्रा भक्तों को दर्शन देने निकलेंगे

**विदिशा।** किला परिसर स्थित प्राचीन द्वारकाधीश मंदिर से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा आज परंपरागत रूप से निकाली जाएगी। रथयात्रा का शुभारंभ सुबह 9:30 बजे मंदिर प्रांगण से होगा। इससे पूर्व सुबह 8 बजे ठाकुर जी को अटके का भोग अर्पित किया जाएगा तथा आरती के बाद भगवान श्रीकृष्ण, बलराम जी एवं सुभद्रा जी रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे। रथयात्रा द्वारकाधीश मंदिर से प्रारंभ होकर बजरिया, जयस्तंभ, तोपपुरा, चतुर्भुज मंदिर, गुप्तेश्वर मंदिर से होते हुए पुनः द्वारकाधीश मंदिर परिसर पहुंचेगी। मार्ग में विभिन्न स्थलों पर रथ को दर्शन हेतु विराम दिया जाएगा। जिससे अधिकाधिक श्रद्धालु ठाकुर जी के दर्शन कर सकें। गौरतलब है कि भगवान का यह भव्य दो-मंजिला काष्ठ रथ वर्ष 1997 में ग्राम नौलास के ग्रामीणों के सौजन्य से गोकुल वासी लक्ष्मण विश्वकर्मा द्वारा देव प्रेरणा से निर्मित किया गया था। यह रथ नगर भ्रमण का प्रमुख आकर्षण रहता है। इसी दिन सुबह 8 बजे मंदिर में विराजमान बाबा रामदेव जी का दूज पर्व भी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर बाबा रामदेव जी का तिलक, होम, धूप पूजन कर चूरमा का भोग अर्पित किया जाएगा। भजन-कीर्तन और आरती के बाद भक्तों को प्रसादी वितरित की जाएगी।

### इस्कॉन की भगवान जगन्नाथ रथयात्रा आज

विदिशा। भगवान जगन्नाथ जी की शोभायात्रा आज इस्कॉन मंदिर के नेतृत्व में दोपहर 2 बजे गुलाब वाटिका से निकाली जाएगी। डंडापुरा, तिलक चौक, कांच मंदिर, हॉस्पिटल रोड, नीमताल ओवरब्रिज, दुर्गा नगर चौराहा होते हुए महाराणा प्रताप कॉलेज के सामने स्थित इस्कॉन मंदिर कार्यालय तक पहुंचेगी। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा एवं स्वागत की व्यवस्था की गई है। शोभायात्रा के समापन अवसर पर इस्कॉन मंदिर परिसर में भव्य प्रसादी वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है। आयोजकों ने विदिशावासियों से आग्रह किया है कि वे इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्सव में सपरिवार सहभागिता करें, भगवान श्रीजगन्नाथ के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करें तथा पवित्र प्रसाद ग्रहण करें। इस्कॉन मंदिर के प्रभुजनों के मार्गदर्शन में संपन्न हो रही यह शोभायात्रा केवल धार्मिक उत्सव ही नहीं, बल्कि समाज में सेवा, भक्ति और सामूहिक समरसता के भाव को सुदृढ़ करने का एक अद्वितीय प्रयास भी है। आयोजकों ने नगर के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थाओं, अधिकारियों एवं समस्त श्रद्धालुजनों से अधिकाधिक संख्या में सहभागिता की अपील की है।

# अशासकीय स्कूलों में नियमों के अनुरूप संचालित होंगी शैक्षणिक गतिविधियां: कलेक्टर अंशुल गुप्ता

## कलेक्टर ने कहा: शासन की योजनाओं से पात्र विद्यार्थियों को वंचित न रखा जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले के समस्त अशासकीय स्कूल संचालकों की बैठक लेकर शैक्षणिक गतिविधियों को सरकारी नियमों के अनुरूप क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। बेतवा सभागार में आयोजित बैठक में सीबीएसई सहित प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के संचालक व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर श्री गुप्ता।

कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं से पात्र विद्यार्थियों को वंचित न रखा जाए। बस्ते का वजन कक्षा अनुसार निर्धारित है, इसका पालन सुनिश्चित हो। कोई भी स्कूल अभिभावकों पर ड्रेस, पुस्तक या अन्य सामग्री खरीदने का अनावश्यक दबाव न बनाए। एनसीईआरटी की अनिवार्यता वाले विद्यालय किसी निजी प्रकाशक की किताबें थोपने का प्रयास न करें। बैठक में फीस विनियमन अधिनियम 2017 व संशोधित नियमों की जानकारी दी गई। सभी स्कूलों से शुल्क विवरण (एडमिशन, क्रीड़ा, स्काउट, रेडक्रॉस, परिवहन आदि) स्कूलवार प्रस्तुत करने को कहा गया। खेल मैदान, खेल गतिविधियों और ईको क्लब पौधरोपण की स्थिति भी साझा करने को कहा गया। विद्यालय परिवहन व्यवस्था पर भी विस्तृत चर्चा हुई। स्कूल वाहन की जिम्मेदारी एक प्रभारी को सौंपने और सभी ऑटो के नंबर रिकॉर्ड करने के निर्देश दिए गए। ओवरलोडिंग पर सख्ती बरती जाएगी। डमी स्कूलों पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। फायर सेफ्टी, बाढ़ बचाव व आपदा प्रबंधन को लेकर होमगार्ड द्वारा सुझाव दिए गए। सचेत एप डाउनलोड करने की सलाह दी गई। कलेक्टर ने कहा कि सभी संचालक सरकारी नियमों का ईमानदारी से पालन करें ताकि शिकायतों की नौबत न आए।

### नाबालिग को जोधपुर से लाई कुरवाई पुलिस

**विदिशा।** एक महिला द्वारा थाना कुरवाई में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 15 साल की बेटी घर से गायब हो गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कुरवाई पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। एसपी रोहित काशवानी, एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक आरके मिश्रा के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। 26 जून को बालिका को राजस्थान के जिला जोधपुर स्थित ग्राम पलासनी, थाना डोगियावास से बरामद किया

### 72 घंटे में दो नाबालिग को पुलिस ने खोजा

**विदिशा।** थाना कुरवाई में एक महिला द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 17 साल की बेटी और 17 साल की ननद घर से बिना बताए कहीं चली गई हैं। ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत एसपी रोहित काशवानी, एडिशनल डॉ. प्रशांत चौबे और थाना प्रभारी निरीक्षक आरके मिश्रा के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 72 घंटे में दोनों बालिकाओं को खोज निकाला।

# जलभराव की स्थिति देखने पहुंचे सीएमओ, सुधार कराया



विदिशा। जलभराव की स्थिति का जायजा लेते हुए नगरपालिका सीएमओ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बारिश का दौर शुरू हो गया है। गुरुवार दोपहर में बारिश हुई जिसके कारण तापमान में गिरावट आई, वहीं शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई।

तेज बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में पानी भर गया। वहां से निकलने वाले दो पहिया वाहन खराब हो गए। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के डंडापुरा, नीमताल, गल्लामंडी गेट के पास रामलीला रोड सहित कई इलाकों में जल भराव हुआ। डंडापुर स्थित गर्ल्स स्कूल में पानी भर गया, जिससे छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई जगह तो दुकानों और घरों में भी पानी भरा गया, जिसके कारण लोगों का सामान



खराब हो गया। स्थानीय लोगों ने कहा कि हर साल यही हाल होता है।

नगरपालिका अधिकारी दुर्गेश ने मौके पर पहुंचकर जलभराव की स्थिति देखी और सफाई भी कराई। शहर में पानी निकासी की सही व्यवस्था नही होने के कारण जल भराव हो रहा है।

### एक साल से फरार चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**विदिशा।** फरार अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कुरवाई पुलिस ने साल से फरार चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। 13 जून को फरियादी हरिराम दांगी निवासी ग्राम परेवरा ने थाना कुरवाई में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि राजेन्द्र वेयरहाउस परिसर के बाहर रखे 50 बोरी अनाज अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए हैं। लगातार प्रयासों एवं सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से अनाज भी बरामद किया गया है।

## पदयात्रा करते हुए मानोरा के लिए हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मानोरा रथ यात्रा से एक दिन पहले प्रतिवर्ष विदिशा से मानोरा तक की पदयात्रा करने वाले बजरिया निवासी दीपक तिवारी गुरुवार शाम को पदयात्रा करते हुए मानोरा के लिए रवाना हुए। इस दौरान जगह जगह उनका स्वागत किया गया। उनके साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी मानोरा के लिए पदयात्रा में शामिल हुए।



### कलेक्टर की पहल पर बुजुर्ग को मिला आसरा

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के संज्ञान में लाया गया कि नटेरन की 90 वर्षीय गेंदाबाई अत्यन्त दयनीय स्थिति में है उनके पुत्र छोड़कर चले गए है। वयोवृद्ध गेंदाबाई की देखभाल करने वाले पड़ोसियों ने मदद हेतु कलेक्टर से सम्पर्क किया था। कलेक्टर श्री गुप्ता ने वस्तुस्थिति को त्वरित संज्ञान में लेते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को ग्राम नटेरन भेजा और गेंदाबाई पति मौजीलाल को विदिशा जिला मुख्यालय के श्री हरिवृद्धाश्रम में रखवाने के प्रबंध सुनिश्चित करवाए गए है।

# जिला बाल कल्याण समिति की बैठक में भिक्षावृत्ति करने वाले बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के निर्देश दिए

**जिन बच्चों के माता-पिता नहीं हैं, उन्हें चिन्हित कर योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में बच्चों के संरक्षण, शिक्षा, पुनर्वास एवं योजनाओं के



विदिशा। बैठक के दौरान योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा करते हुए।

प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर गुप्ता ने भिक्षावृत्ति एवं कचरा बीनने वाले बच्चों की पहचान कर उनका आधार और समग्र आईडी बनवाने तथा स्कूलों में प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों को साल में चार से पांच जोड़ी कपड़े, जूते व शैक्षणिक सामग्री सामाजिक संगठनों की मदद से उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जिन बच्चों के माता-पिता नहीं हैं, उन्हें चिन्हित कर योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। खेल, शिक्षा व आईटीआई विभाग को ऐसे बच्चों की सूची तैयार कर उन्हें कौशल विकास व रोजगार से जोड़ने के निर्देश भी दिए गए।

बालिका संप्रेक्षण गृह की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने गुणवत्तापूर्ण भोजन, आवास और स्वास्थ्य परीक्षण पर विशेष ध्यान देने की बात कही। नशामुक्ति जागरूकता, कार्यशालाओं और संदेशों के माध्यम से युवाओं को जोड़ने की बात भी बैठक में प्रमुखता से उठाई गई। बैठक में वन स्टॉप सेंटर, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, फॉस्टर केयर, चाइल्डलाइन, पीएम केयर्स योजना सहित विभिन्न योजनाओं की त्रैमासिक प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने घरेलू हिंसा की रोकथाम हेतु स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम चलाने के भी निर्देश दिए।

### सिविल सर्जन और सीएमएचओ दोनों बदले

**विदिशा।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग ने प्रदेश के 11 जिला अस्पतालों में नए सिविल सर्जन पदस्थ करने के आदेश जारी किए। इसमें डॉ. अनूप वर्मा को विदिशा का नया सिविल सर्जन बनाया गया है, लेकिन यहां पहले से पदस्थ डॉ. आरएल सिंह को को ही सिविल सर्जन का प्रभार सौंपा गया था। इसके पहले डॉ शिशिर रघुवंशी सिविल सर्जन के पद पर ज्वाइन हुए थे। लेकिन मनमानी और अनियमितताओं के चलते जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं चौपट होने लगी थीं। शिशिर रघुवंशी के भ्रष्टाचार के कारनामे आए दिन चर्चाओं में रहते थे। तब शिशिर रघुवंशी को हटाकर डॉ आरएल सिंह को प्रभार सौंपा गया था। वहीं सीहोर से आए डॉ. रामहित को विदिशा का नया सीएमएचओ नियुक्त करने का आदेश जारी किया जा चुका है। वर्तमान सीएमएचओ डॉ. योगेश तिवारी 30 जून को रिटायर हो रहे हैं। उनके बाद डॉ. रामहित प्रभारी सीएमएचओ का कार्यभार संभालेंगे।

# शिविरों में सिकल सेल सहित अन्य बीमारियों की भी जांच

## 30 जून तक लगाए जाएंगे विशेष स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

धरती आबा योजना के तहत विदिशा जिले के चिन्हित ग्रामों में विशेष बहुविभागीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जो 30 जून तक आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की पहल पर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराने हेतु इन शिविरों में समग्र सेवाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित इन शिविरों में मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) के माध्यम से अनुभवी चिकित्सक और स्टाफ मौके पर पहुंचकर स्किल सेल एनीमिया सहित अन्य जटिल बीमारियों की जांच कर रहे हैं। बासौदा विकासखंड के अंबानगर ग्राम में आयोजित शिविर में गुरुवार को सूरज सिंह आदिवासी का स्किल सेल एनीमिया परीक्षण किया गया। शिविर में लक्ष्मी सहरिया पुत्री भोला और शैलेन्द्र सहरिया के आधार कार्ड बनाकर प्रदान किए गए। शिविरों में राजस्व, जनपद, खाद्य, स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा, कृषि, लीड बैंक, भू-अभिलेख, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ऊर्जा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग सहित कुल 13 विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2829
उच्चतम भाव- 2829
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2415
उच्चतम भाव- 2641
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2420
उच्चतम भाव-2430
चना
न्यूनतम भाव-4990
उच्चतम भाव-5660
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-3557
धान
न्यूनतम भाव-2976
उच्चतम भाव-3800
मसूर
न्यूनतम भाव-4610
उच्चतम भाव-6310
सरसों
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-7440
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2510
उच्चतम भाव-5101
मूंग
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-6760
उड़द
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6020
ज्वार
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-2260
धनिया
न्यूनतम भाव-5820
उच्चतम भाव-6100
बटरी
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3500
मक्का
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-2000

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 4251 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### भोजनालय के शटर को ट्रैक्टर से तोड़ा

**गंज बासौदा।** बरेठ में स्लीपर फैक्ट्री के सामने स्थित भोजनालय में बुधवार को रात्रि के समय खाना पैक करने की बात को लेकर शुरु हुए विवाद ने विकराल रुप धारण कर लिया। भोजनालय संचालक कुलदीप यादव ने बताया कि ग्राम लमन्या निवासी शैलेन्द्र रघुवंशी अपने दो साथियों राजपाल यादव, सौदान आदिवासी के साथ आयशर ट्रैक्टर से उनके भोजनालय पर आए और खाना पैक करने को कहा। कर्मचारी की अनुपस्थिति के कारण खाना पैक करने से मना कर दिया गया। जिसके बाद शैलेन्द्र ने ट्रैक्टर से दुकान की शटर में टक्कर मार दी तथा साथियों ने ढाबे में रखे सामान की तोड़फोड़ कर दी। इस दौरान कुलदीप के भांजे संजय यादव और मनोज आदिवासी मौजूद थे। पुलिस ने तीन युवक शैलेंद्र सिंह रघुवंशी, सौदान और राजपाल के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### पारासरी नदी के उद्गम स्थल ग्राम हिन्नौदा चक्क में हुआ कार्यक्रम

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पौधा रोपण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा








जीवन की सफलता धन और पद से नहीं मिलती, बल्कि इस बात से मानी जाती है कि आप आने वाली पीढी को क्या देकर जा रहे हैं। इसी से आपकी सफलता तय होती है। पौधरोपण कार्य में भी अगर वन विभाग और ग्रामीण विकास विभाग सामंजस्य से जुट जाएं तो निश्चित पौधरोपण में पूरी सफलता मिलेगी। पारासरी नदी के उद्गम स्थल से पांच किमी के प्रवाह क्षेत्र में इन दोनों विभागों ने 2200 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है और आज इसकी शुरूआत हो रही है। हिन्नौदा के सरपंच रामगोपाल यादव ने विभाग और ग्रामीणों के अलावा स्वयं भी पौधों की देखरेख और सुरक्षा का संकल्प लिया है जो कि सराहनीय है। इससे निश्चित है कि यह पौधरोपण पूरी तरह सफल होगा। उक्त बात पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पारासरी नदी के उद्गम स्थल हिन्नौदा में पौधरोपण अभियान के शुभारंभ अवसर पर कहीं। यह कार्यक्रम पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य, क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी की अध्यक्षता और जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी के विशेष आतिथ्य में पाराशरी नदी के उदगम स्थल हिन्नोदा चक में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने जल गंगा संवर्धन अभियान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि में इस संकल्प को नमन करता हूं। इस अभियान के तहत 2200 पौधे रोपे जाएंगे। जिनकी आज शुरुआत हो रही हैं। इस अभियान की शुरुआत होने से पाराशरी नदी पुनर्जीवित होगी और इसके किनारे पौधे लगाए जा रहे जाएंगे। वहीं विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कहा कि इस अभियान में विभाग के कर्मचारियों और ग्रामीणों का बहुत सहयोग रहा है और आप सभी के सहयोग से ही यह कार्य प्रारंभ हो सका है। इस कार्य से पाराशरी नदी का जल स्तर बढेगा, जिसका लाभ सभी क्षेत्रवासियों को मिलेगा। नदी के किनारे 5 किलोमीटर तक पौधे रोपण किए जाएंगे। इस स्थल से इस अभियान की शुरुआत हुई थी। तब से निरन्तर नदी के जल स्तर को बढ़ाने के कार्य किए जा रहे हैं। इसमें मंत्री जी के द्वारा इस अभियान की शुरुआत हुई है। जिसमें वन विभाग और ग्रामीणों का विशेष सहयोग मिल रहा है। इस अभियान में अभी तक जो भी कार्य किए गए उसकी जानकारी देते हुए कहा कि इस अभियान में जनप्रतिनिधियों, वनमंडलाधिकारी, जिला पंचायत सीईओ के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों ग्रामीण जनों ने सहभागिता निभाई है। कार्यक्रम में संबोधन के बाद ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने अन्य अतिथियों के साथ नवग्रह वाटिका में गूलर का पौधा लगा कर पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया। नवग्रह वाटिका में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, सरपंच रामगोपाल यादव सहित अन्य अतिथियों ने भी पौधे लगाए। इसके बाद सभी अतिथियों एवं अधिकारियों और नागरिकों ने पारासरी नदी के उद्गम स्थल के किनारे पर एक एक पौधा रोपकर पौधरोपण अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषक बद्रीसिंह यादव, डॉ मेहताब सिंह यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष अंजली यादव, देवेंद्र रघुवंशी, पंचतत्व संस्था अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह दांगी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बलराम यादव, कप्तान सिंह यादव के अलावा जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, डीएफओ हेमंत यादव, एसडीएम विजय राय, तहसीलदार निधि लोधी, अतिरिक्त तहसीलदार सुनीता पटेल, जनपद सीईओ तपस्या जैन, विद्युत कंपनी के डीई राजू भामौर सहित अनेक विभागों के अधिकारी कर्मचारी और भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# रथ यात्रा मार्ग की परेशानियों को एसडीएम ने दूर किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भगवान जगदीश स्वामी रथ यात्रा की पूर्व संध्या पर गांधी चौक से सावरकर चौक तक रथ यात्रा के दौरान आने वाली समस्याओं का एसडीएम विजय राय एवं सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने मौके पर पहुंचकर निदान किया। इस बार भगवान जगदीश स्वामी स्टील के रथ में विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे। गांधी चौक से सावरकर चौक तक गुरुवार के दिन खाली रथ को निकाल कर देखा गया और जहां-जहां रथ को निकालने में दिक्कत जा रही थी वहां-वहां समस्याएं सुलझाई गई। इस मौके पर एसडीएम विजय राय एवं सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने दुकानदारों से अनुरोध किया कि वह रथ यात्रा के दौरान पूर्ण सहयोग प्रदान करें। उनके साथ विद्युत कंपनी के डीई राजू भामौर, नपा इंजीनियर नरेंद्र चौहान, वरुणेंद्र चौबे, मुन्ना महाराज, पार्षद जगदीश व्यास, शुभम रघुवंशी, सोनू समैया, गजेंद्र औदित्य के अलावा बड़ी संख्या में नागरिकगण भी मौजूद रहे।

# संस्कृत विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन की मांग, दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरूवार को विश्व हिन्दू परिषद मंदिर अर्चक पुरोहित आयाम एवं महर्षि भृगु संस्कृत विश्वविद्यालय के तत्वावधान में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रशासन को सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा म.प्र के सभी मदरसों और संस्कृत विद्यालयों को निःशुल्क भोजन और गणवेश तथा आकस्मिक निधि के रूप में 5000 रूपये एवं 500 रूपये प्रति शिक्षक दिया जाना चाहिए, परंतु मदरसों को तो यह सुविधाएं मिल रही हैं। किंतु संस्कृत विद्यालयों को यह सारी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। संस्कृत विद्यालयों की भारत की संस्कृति में महती भूमिका है जबकि मदरसे संदिग्ध गतिविधियों के केंद्र हैं। उक्त ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि प्रदेश के सभी संस्कृत विद्यालयों को उपरोक्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद प्रांत सह मंदिर अर्चक पुरोहित प्रमुख पंडित मुन्ना लाल शास्त्री, समरसता प्रांत टोली सदस्य डॉ. चंद्रशेखर शर्मा, केशव हाड़ा, संदीप नेमा, अभिषेक शर्मा, संजय सिलावट, टोनी अहिरवार, नगर मंदिर अर्चक पुरोहित प्रमुख पंडित नितिन भाटे, रामराज झा, भजन प्रजापति, प्रकाश वाधवानी, विपिन देव, मनीष अग्रवाल, अतुल ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अतिक्रमण को लेकर वार्डवासियों ने किया प्रदर्शन



**गंज बासौदा।** वार्ड क्रमांक 15 में मिर्जापुर घोड़ा पीर वाले बाबा साहब वाली गली से हनुमान चौक तक निकले नाले पर अतिक्रमण होने से और मुख्य सड़क के पास बनी पुलिया की कई सालों से सफाई न होने से वार्डवासियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नालियों का पानी जमा रहता है और नाले की सफाई न होने से पानी का अत्यधिक भराव होता है, जिससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है। इस समस्या को लेकर वार्डवासियों ने कई बार आवेदन दिया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी के विरोध में वार्डवासियों ने अधिकारियों पर कार्रवाई और अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने वार्डवासियों को आश्वासन दिया है कि शीघ्र अतिक्रमण हटा दिया जायेगा। इस अवसर पर रामकृष्ण मालवीय, टीनू मालवीय, विमलेश मालवीय, नासिर खान, अमित मालवीय ,रंजीत मालवीय, शैंकी मालवीय, प्रशांत मालवीय, विनीत मालवीय, करण मालवीय अभिषेक कुशवाह, यश मालवीय सहित आम आदमी पार्टी के प्रदीप मैथिल, कमलेश कुशवाहा, अमित मिश्रा, देवेंद्र केवट सहित कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सिद्धि शर्मा की बनाई डिवाइस बनेगी सुरक्षा कवच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




राज्य शासन के विज्ञान विभाग द्वारा पिछले शिक्षण सत्र में विज्ञान मॉडल तैयार करने और उसके प्रजेन्टेशन की प्रतियोगिताओं का आयोजन इंस्पायर्ड योजना के तहत किया गया था। जिसमें सिद्धि शर्मा द्वारा निर्मित मॉडल को चयनित किया गया था, अब संभाग स्तरीय विज्ञान मॉडल कार्यशाला 27 एवं 28 जून को रायसेन में आयोजित की जा रही है। स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकण्डरी स्कूल की कक्षा दसवीं की छात्रा सिद्धी शर्मा द्वारा निर्मित वूमंस सेफ्टी डिवायस को संभाग स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चयनित किया है। सिद्धी शर्मा ने बताया कि यदि डिवाइस का उपयोग हो तो आपात काल में महिलाओं की सुरक्षा को बढ़ाने में बड़ी मदद मिलेगी। उनके द्वारा निर्मित डिवाइस को सरकार अपनाए तो महिलाओं की सुरक्षा के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगी। यह डिवाइस चिप और सिम के माध्यम से जोड़कर काम करेगी, जिसे महिलाएं अपने कपडों, बालों, रिस्ट वॉच, हेयर बेल्ट, बेल्ट में लगा सकती हैं। मोबाइल में करीबी व्यक्ति के नम्बर से यह जुड़ी होगी। डिवाइस आपात स्थिति में रजिस्टर्ड नम्बर पर लोकेशन भेज देगी। डिवाइस मोबाइल डिस्चार्ज होने पर भी काम करेगी। खास बात यह है, यह चिप सिम या मोबाइल के डिस्चार्ज होने, मोबाइल के साथ टूट-फूट होने पर भी काम करेगी। जिस से महिलाओं, बुजुर्गो को एवं बच्चों को डिवाइस का केवल एक बटन प्रेस करते ही उनकी लाइव लोकेशन भेजकर मददगार बन सकेगी। यह चिप सीधे जीएमएम, जीपीएस सिस्टम से जुड़ी होगी। विज्ञान शिक्षिका प्रियंका अग्रवाल ने बताया कि शासन की इंस्पायर्ड योजना के तहत सिद्धी शर्मा के मॉडल का चयन हुआ है। इसका उपयोग शासन या संचार कंपनियां वूमंस सेफ्टी के लिए उपयोग कर सकती हैं और उनके लिए काफी उपयोगी साबित होगी। सिद्धी शर्मा के विज्ञान मॉडल का जिला स्तर से संभाग स्तर के लिए चयन किया गया है। सिद्धी शर्मा ने अपने द्वारा निर्मित मॉडल का स्कूल के छात्र-छात्राओं के समक्ष प्रजेन्टेशन देकर डिवाइस की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। गौरतलब है कि अप्रेल माह में सिद्धी के मॉडल का ब्लाक स्तर पर चयन हुआ था। मॉडल तैयार करने के लिए इंस्पायर्ड योजना से दस हजार रूपये प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई थी। संस्था के डायरेक्टर केएस यादव, प्रबंधक सुधा यादव, प्राचार्य उमेशचंद्र यादव, विज्ञान प्रभारी डॉ. कमला चतुर्वेदी, डॉ विजय कुमार जैन, डॉ. अमरसिंह ठाकुर सहित विद्यालय परिवार ने सिद्धी शर्मा को शुभकामनाएं दी हैं।

### नपा ने राजस्व वसूली अभियान किया तेज



**गंजबासौदा।** नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव के निर्देश पर नपा में नवागत सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव ने नपा कर्मचारियों की बैठक लेकर राजस्व एवं जलकर वसूली के निर्देश दिए। जिसके बाद नपा अमले ने जलकर एवं राजस्व कर वसूली अभियान तेज कर दिया है। इसके तहत अब नपा अमले ने अलग अलग टीमें बनाकर वार्ड वार घर घर जाकर जलकर एवं अन्य करों की वसूली शुरू कर दी है।

### पूर्व के प्रकरण में बनाया था आरोपी, गत दिवस किया था न्यायालय में सरेंडर

# फरार आरोपी के खेत से पुलिस ने बरामद किया गांजा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

देहात थाना पुलिस द्वारा डेढ माह पूर्व एक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे गांजा बरामद किया था। इस मामले में एक और व्यक्ति को आरोपी बनाया गया था और इस आरोपी ने गत दिवस न्यायालय में सरेंडर कर दिया था। जिससे पूछताछ के बाद पुलिस ने उसके खेत में छिपाकर रखे गए डेढ किलो गांजा कीमती करीब 15 हजार रूपए को भी बरामद किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 8 मई 2025 को थाना देहात पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि कानीखेड़ी जोड़ पुलिया पर दो व्यक्ति गांजा बेचने की फिराक में खड़े हैं। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके से दोनों संदिग्धों को भागते समय घेराबंदी कर पकड़ा। उनके पास से अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया था। पूछताछ में एक आरोपी रामकृष्ण रघुवंशी ने बताया कि वह यह गांजा रामनारायण मीणा से लेता है, जो इसे बुंदेल सिंह लोधी निवासी ग्राम नयागांव, थाना त्योंदा से लाता था।

रामनारायण मीणा के मेमो के आधार पर बुंदेल सिंह को भी आरोपी बनाया गया था और उसकी तलाश की जा रही थी। उक्त आरोपी बुंदेल सिंह लोधी ने गत 24 जून को न्यायालय में आत्मसमर्पण किया, जिसे पुलिस द्वारा विधिवत गिरफ्तार कर रिमांड में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी के खेत से 1.5 किलोग्राम गांजा और बरामद किया गया। उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी गंजबासौदा के मार्गदर्शन में की गई। जिसमें देहात थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह, सउनि प्रहलाद सिंह रघुवंशी, सउनि केशरी प्रसाद शर्मा, प्रधान आरक्षक विपिन जादौन, आरक्षक मुकेश ठाकुर एवं रामनिवास मीना की विशेष भूमिका रही।

### अरहान बने मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष

**गंजबासौदा।** गत दिवस वार्ड नं. 22 चूडी मोहल्ला में मोहर्रम कमेटी की मीटिंग रखी गई। जिसकी सदारत (हाफिज) अफजल खान ने की। जिसमें सर्व सहमति से अरहान (बिट्टू) व को मोहर्रम कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर नौशे खों (पहलवान), नसीम पठान, अतहर कुरैशी, फईम भाई. इरशाद भाई, समीर किरमानी, राजा हाफिज भाई, आविद हुसैन (कल्लू भाई), हनीफ फजलानी, सिद्धीक हसन, जोएब हरान, शैयरद मो. अदनान, जावेद कुरैशी, अजीज सिद्धीकी, शराफत भाई, शफीक भाई, शकील हसन, इरसाद मंसूरी, आमिर (विक्की भाई), नदीम अली, अमन, राजू, हाफिज फईम, सादिर अली, उमर भाई. शानू भाई, शाहरुख भाई नदढू भाई, सादिक भाई आदि उपस्थित रहे।

### निकली भव्य कलश यात्रा

**गंजबासौदा।** भैरव कथा एवं प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर गुरुवार को कलश यात्रा शांति सदन कॉलोनी शिव मंदिर से प्रारंभ होकर चिल्ला बाबा सिंह वाहिनी मंदिर कथा स्थल तक पहुंची। यात्रा में सभी माताएं बहिनें अपने सिर पर कलश लेकर कथा स्थल तक पहुंची। प्रथम दिवस की कथा में कथा वाचक आचार्य पंडित विकास आनंद एलिया ने कहा कलश में समस्त देवी देवताओं का वास होता है। कलश यात्रा में माताएं बहिनें कलश को जब अपने सिर पर रखती हैं तो वह स्थान कलश के प्रभाव से तीर्थ के समान हो जाता है और वह यात्रा यज्ञ के समान हो जाती है। जितने पद माताएं बहिनें कलश को अपने सिर पर रख कर चलती है। वही पग यज्ञ के बराबर फल माता बहिनों को प्राप्त होता है। भैरव कथा का गायन करते हुए उन्होंने कहा महादेवी के पुत्र भोले बाबा के पुत्र भैरव बाबा उनकी कथा का कलयुग में जो कोई गायन करता है इनकी पूजा अर्चन करता है उसके समस्त दुख दूर होते हैं। भैरव बाबा का वाहन कुत्ता 24 घंटे चेतन रहता है। काल भैरव हमेशा माता की रक्षा में उनके द्वारा पर पहरा देते हैं। कथा का आयोजन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक हुआ। कथा में नीमा, पप्पू, छोटू, लीलाधार सहित सिंह वाहिनी सेवा समिति के सदस्य मौजूद थे।

# एक पौधा, एक संकल्प अभियान के अंतर्गत श्रमदान दल ने रोपित किया बेल का पौधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



श्रमदान दल द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक पौधा, एक संकल्प कार्यक्रम की शुरुआत 9 जून से की गई थी। जिसमें पौधरोपण अभियान 4.0 के अंतर्गत यह पहल जगन्नाथ धाम परिसर, नौलखी घाट पर पौधरोपण कर की गई थी। इसी के तहत गुरुवार को दल के सक्रिय सदस्य एवं भारतीय रेल में टेक्नीशियन राहुल कुशवाह के जन्मदिवस के पावन अवसर पर बेलपत्र का पौधा रोपित किया गया। इस अवसर पर योगेंद्र माझी, नितिन अग्रवाल, दीपेश शर्मा, कुलदीप दांगी, राहुल कुशवाह, अशोक वैष्णव, जगराज राय एवं आकाश जैन उपस्थित रहे।

दल के सदस्य दीपेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि गत वर्ष भी राहुल कुशवाह के जन्मदिवस पर आंवले का पौधा नौलखी घाट पर रोपित किया गया था, जो अब विकसित हो रहा है। श्रमदान दल वर्षा ऋतु में नियमित रूप से पौधरोपण करता है, इस वर्ष श्रमदान दल हर दिन एक पौधा के लक्ष्य के साथ आने वाले तीन महीनों में 90 पौधों के लक्ष्य के साथ पौधरोपण करेगा। विशेष बात यह है कि दल पौधों की केवल संख्या बढ़ाने में नहीं, बल्कि उनकी संरक्षा और संरक्षण पर विशेष ध्यान देता है। पौधे को वृक्ष बनने में वर्षों लगते हैं, इसलिए दल हर पौधे को ट्री गार्ड सहित सुरक्षित करता है। पौधे दल द्वारा उपलब्ध कराए जाते हैं और ट्री गार्ड के लिए जन सहयोग लिया जाता है। दल का मानना है कि पौधा लगाना सरल है, लेकिन उसका संरक्षण ही सच्चा संकल्प है।

खबर संक्षेप



## अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर निर्मला के विद्यार्थियों ने निकाली रैली

**सिरोंज।** अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर निर्मला कान्वेट हायर सेकेण्डरी स्कूल के कक्षा 6 वीं से 8 वीं तक विद्यार्थियो के द्वारा जनजागरण हेतु रैली निकालते हुय नशा मुक्ति का संदेश दिया। विद्यालय प्रांगण से छात्र-छात्रायें हाथों में नशा मुक्ति के संदेश की तख्ती लिये नशा मुक्ति के नारे लगाते हुये मुख्य नगर पालिका चैराहा पहुँचे जहाँ विद्यार्थियो के द्वारा नषा मुक्ति का संदेष देते हुये गीत नषा न करना मान लो कहना की प्रस्तुति दी इसके उपरांत आयोजित सभा को संबोधित करते हुये मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू के द्वारा कहा गया कि नशे से केवल एक व्यक्ति बर्बाद नहीं होता नशा पीड़यि बर्बाद कर देता है। इस अवसर पर उनके द्वारा लोगों को नशे की लत से मुक्ति दिलाने के लिये रोको टोका अभियान चलाने की घोषण करते हुये आह्वान किया विद्यार्थियों से कहा कि अपने परिजनों एवं आस पास के लोगों को नशा करते हुये देखें तो तुरंत उन्हें रोके तथा वर्ष में कम से कम 12 व्यक्तियों को व्यसनों से दूर करने का प्रयास करें। ऐसा करने वाले विद्यार्थियों को अगले वर्ष पुरुस्कार देने की घोषणा की गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र प्रियांश सिंह बघेल एवं महक दुबे ने नशे के दुष्परिणाम को लेकर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अनिल जैन द्वारा किया गया। इसमें प्राचार्य सिस्टर टेन्सी, सिस्टर लिमी, शिक्षक रफत उल्लाह, रामचरण सिंह, कल्पना शर्मा, प्रतिभा पाटीदार, नीति चैरसिया, जफर खान, संगीत शिक्षक एडबिन एवं महेन्द्र भार्गव सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## बागवानी विकास मिशन के लिए आवेदन आमंत्रित

**सागर।** जिले में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न घटकों जैसे फल क्षेत्र विस्तार आम, अमरूद, अनार, नींबू वर्गीय फसल, संकर सब्जी एवं मसाला क्षेत्र विस्तार, पुष्प एवं प्याज क्षेत्र विस्तार, संरक्षित खेती पॉली हाउस, शेडनेट हाउस, प्लास्टिक मल्चिंग, शेडनेट हाउस में सब्जी/गुलाब की खेती, जैविक खेती वर्मी बेड इकाई तथा कृषि यंत्र 20 पीटीओ एचपी तक ट्रैक्टर, पावर टीलर, पॉवर नेपसेक स्प्रेयर, फल बंच कंवर, वीड मेट, इको फ्रेंडली लाईट ट्रेप, सोलप क्रॉप ड्रायर के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। उप संचालक उद्यान विभाग जिला सागर ने बताया कि इच्छुक कृषक पोर्टल पर अपनी कृषक आईडी से योजना से संबंधित आवेदन कर सकते हैं। हितग्राहियों का चयन 1 जुलाई 2025 को लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। आवेदन के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, खसरा बी-1, मोबाइल नंबर, जैसे दस्तावेज आवश्यक हैं। अधिक जानकारी के लिए कृषक अपने-अपने विकासखण्ड के वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर हुआ आयोजन

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में डॉ. आंबेडकर चेयर के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के तहत छात्रावास में नशा मुक्त भारत विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया । उक्त अवसर पर डॉ. आंबेडकर चेयर के सहायक प्राध्यापक डॉ. देवेंद्र कुमार ने कहा कि विकसित भारत 2047 के लिए युवाओं ने बड़ी भूमिका निभाई है, भारत युवा हो रहा है, युवा भारत विकसित भारत बनेगा, लेकिन जहां एक और युवा देश की प्रगति के लिए कार्य कर रहे हैं, वहीं कुछ युवा नशे के कारण अपने मार्ग से भटक रहे हैं । ऐसे में हम सब का कर्तव्य और दायित्व है कि इस सामाजिक बुराई को समाज से दूर भगाना है और नशा मुक्त भारत बनाना है । डॉ. अंबेडकर चेयर नशे जैसी सामाजिक बुराइयों को दूर करने संगोष्ठी संपन्न की।

### सड़क निर्माण और सफाई न होने से लोग परेशान, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# गलियों और कूचो में भरे बारिश के बाद गंदे पानी में बच्चे गिरकर हो रहे घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के आरोन रोड स्थित वार्ड क्रमांक 13 दुर्गा नगर कॉलोनी के हालात किसी से छिपे नही है और खास बात तो यह है कि वार्ड की सड़क,नाली व साफ-सफाई की समस्या के लिए कई बार वार्डवासी शिकायत लेकर जा चुके है। लेकिन वार्डवासियो की सुनने वाला कोई नही। सड़क,नाली के लिए वार्डवासी कई वर्षा से नगर पालिका के चक्कर भी काट रहें है। लेकिन नपा द्वारा उक्त कॉलोनी की दुर्दशा पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा।

### घरों में घुसता है बारिश का पानी

वार्ड क्रमांक 13 दुर्गा नगर कॉलोनी में सड़क,नाली न होने से बारिश के मौसम में वार्ड वासियो को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। पूरी कॉलोनी की एक भी ऐसी गली नही है यहा बारिश का पानी न भराता हो। साथ ही कॉलोनी में नालिया का निर्माण न होने से घरों से निकलने वाला गंदा पानी भी सड़को पर बहता रहता है। जिससे आवागमन करने वाले नागरिको को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवागमन के लिए लोगों को दूसरे रास्ते का सहारा लेना पड़ रहा है। पानी से बदबू आने से लोगों को संक्रामक बीमारियों का भय सता रहा है। इससे लोगों में रोष गहराता जा रहा है। वही बारिश के समय नाली न होने से बारिश का पानी घरो में घुसता है जिसके चलतें घर में रखा समान खराब हो जाता है।

### कई बार कर चुके शिकायत

वार्डवासी अजब सिंह,सुमित जैन,गोलू राठौर हरिराम बघेले ने बताया कि हम सड़क और सफाई को लेकर कई बार प्रशासनिक अधिकारी,नगर पालिका से लेकर सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत कर चुके है लेकिन आज तक कोई सुनवाई नही हुई। वही उन्होने बताया कि सड़क पर गंदा पानी जमा होने से आवागमन ने दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। वही मुख्य सड़क तक जाने के लिए सिर्फ इसी मार्ग का सहारा है और वार्डवासियो गंदे पानी के बीच से आने-जाने को विवश हैं। बारिश होने पर स्थिति और भी खराब हो जा रही है। पानी से बदबू आने से संक्रामक बीमारियों का भय सता रहा है।

### आए दिन कीचड़ में गिरते हैं बच्चे

पानी निकासी न होने के कारण पूरे वार्ड में जलभराव की स्थिति बनी रहती है। आलम यह है कि स्कूल,कोचिंग जाने वाले विद्यार्थी रोजाना कीचड़ और गंदे पानी के बीच से होकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। कई बार शिकायत के बाद भी नगर पलिका के जिम्मेदार अधिकारी सुध नहीं ले रहे हैं। गंदगी के कारण बीमारियां फैलने का भी डर बना हुआ है। वरिष्ठ समाजसेवी कमलेश कुशवाह ने बताया कि वार्ड में सडक और नालियों का निर्माण नहीं हुआ है। ऐसे में घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर जमा हो जाता है। पिछले कई माह से यह स्थिति है। आलम यह है कि वार्ड के प्रत्येक घर के गेट के सामने गंदे पानी के तालाब बन गए है। गंदे पानी के बीच वार्डवासी ईंट बिछाकर सड़क पार करने को मजबूर है। कई बार तो छोटे-छोटे बच्चे गंदे पानी में गिरकर चोटिल हो चुके हैं।

### सड़कों पर भरा रहता है पानी

वार्ड की सड़कों पर दिन भर पानी भरा रहता है। जिससे लोगों का पैदल चलना तक मुश्किल है। लोग कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। बारिश में जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। **सुमित जैन**,निवासी दुर्गा नगर कॉलोनी सिरोंज।

### गंदगी से परेशान हैं लोग

हमारे वार्ड में खाली प्लाटों में बारिश का पानी भर जाने के कारण मच्छर पनपते हैं। वहीं सड़कों पर भी गंदगी रहती है। जिससे लोगों को परेशानी होती है। सड़के बनाने के साथ नियमित सफाई होना चाहिए। **सतीश धाकड़**, निवासी दुर्गा नगर कॉलोनी सिरोंज।

### वार्डवासियो को भुगतना पड रहा खामियाजा

वार्ड में सड़कों का निर्माण प्राथमिकता से किया जाना था। जो कि आज तक नहीं किया गया। इसके अलावा सफाई और पानी की व्यवस्था भी की जानी चाहिए थी जो नहीं की गई। इसका खामियाजा वार्डवासियों को भुगतना पड रहा है।

**कमलेश कुशवाह,**
निवासी दुर्गा नगर कॉलोनी सिरोंज।

### हरिभूमि से चर्चा में बोलीं सांसद

# संसदीय क्षेत्र बने विकास का महासागर यही मेरा संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

लोकतंत्र की सबसे छोटी इकाई पंच से अपने राजनीतिक जीवन का सफर तय करने वाली श्रीमती डॉ लता वानखेड़े ने पिछले साल 24 जून को भारत के मंदिर यानी लोकसभा में सांसद पद की शपथ ली थी। एक महिला ने कामयाबी का परचम लहराते हुए यह मिथक तोड़ दिया है की नारी अब अबला नहीं; सबला है। प्रधानमंत्री मोदी की सोच और मनसा के अनुरूप कार्य करने वाली नारी शक्ति के सशक्त हस्ताक्षर और महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण है डॉ लता वानखेड़े है।

### 12 माह में कई उपलब्धि

24 जून 2025 को श्रीमती वानखेड़े के महज 12 महीने के कार्यकाल पर एक नजर दौड़ाई जाए तो सागर लोकसभा क्षेत्र के खाते में कई उपलब्धियां है। इनमें से भी यदि सबसे बड़ी तीन उपलब्धि की बात की जाए तो नरयावली डिपो का सतना ट्रांसफर होने से रोकना। सागर से नागपुर के अलावा अन्य स्थानों के लिए ट्रेनों के सागर में स्टॉपेज और बीना में रिंग रोड की स्वीकृक्ति सबसे बड़ी सफलता है। जनता से सतत संवाद और विकास की ललक रखने वाली श्रीमती वानखेडे का सत्ता और संगठन में भी बेहतर तालमेल है।

### महिलाओं का दर्द बखूबी जानती है सांसद

सांसद डॉ लता बानखेडे ने महिला आयोग की अध्यक्ष रहते हुए इन्होंने महिलाओं के दर्द को करीब से जाना है इसलिए महिला सशक्तिकरण पर भी उल्लेखनीय कार्य श्रीमती वानखेड़े के खाते में है। सागर जिले की सबसे बड़ी पंचायत रही मकरोनिया से तीन बार सरपंच के अलावा पंचायती राज महासंघ की प्रदेश अध्यक्ष;मध्यप्रदेश स्काउट गाइड की प्रदेश उपाध्यक्ष सहित देश का विदेश में प्रतिनिधित्व करने का भी गौरव इन्हें मिला है। श्रीमती वानखेडे की वाणी में सरस्वती विराजमान है। अपनापन ऐसा की गैरों को भी अपना बनाने का खास माददा रखती है। भारतीय जनता पार्टी की एक सच्ची सिपाही और उसी के बैनर तले काम करने वाली श्रीमती वानखेड़े ने राजनीति को हमेशा समाजसेवा का माध्यम माना है। राजनीति के सफर में इनका कोई भी विरोधी नहीं है। सागर की जनता इन्हें प्यार से दीदी कहकर बुलाती है। हाल ही में इन्हें हिंसा और आतंकवाद के खिलाफ काम करने वाली अंतरराष्ट्रीय स्तर की समिति इंटरनेशनल पार्लियामेंट्री यूनियन का सदस्य बनाकर उज्बेकिस्तान में भारत की ओर से प्रतिनिधित्व करने के लिए भेजा गया; जो बुदेलखंड नहीं; प्रदेश के लिए एक गौरव की बात है।

### 24 जून को सांसद वानखेड़े का एक वर्ष पूर्ण

*24 जून 2025 को श्रीमती वानखेडे का 1 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर उनसे जानना चाहा लोकसभा क्षेत्र के प्रति आपका संकल्प और विजन किया है। श्रीमती वानखेडे का जवाब है जनता ने वोट रूपी आशीर्वाद देकर मुझे करीब 5 लाख मतों से विजय बनाकर संसद भवन में भेजा है। मेरी जिम्मेदारी है और मैं संकल्प लेती हूं की सागर लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए में तब तक लड़ती रहूंगी जब तक विजन पूरा नहीं हो जाता। जनता की उम्मीद पर सोलह आने खरे उतरना मेरी जवाबदारी है। दूरदर्शी परिणाम की सोच रखने वाले देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव के नेतृत्व में जो योजनाएं जनहित के लिए चलाई जा रही है उन्हें समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के हाथों तक पहुंचाना मेरी पहली प्राथमिकता है। हरिभूमि से विशेष चर्चा के दौरान सांसद श्रीमती लता वानखेड़े ने कहा कि विकास के मामले में सागर विकास का महासागर बने यही मेरा संकल्प है। जनता के लिए मेरा संदेश है सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर आप आगे बढ़े और मेरे लायक जो भी सेवा हो बेहचक सांसद संवाद केंद्र में आकर सांझा कर सकते हैं। श्रीमती वानखेड़े ने कहा जनता और जनप्रतिनिधि सरकार के बीच एक सेतु है। जितनी जिम्मेदारी जनप्रतिनिधि की है उतनी ही जनता की भी है।*

# छात्राओं के काउंसलिंग कक्ष बनें, गुड-बेड टच बताएं: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

जर्जर भवनों को दो दिवस में गिराने की कार्रवाई करें, मॉर्निंग असेंबली में बच्चों को सभी सकारात्मक शिक्षा दें, विद्यालय में छात्राओं के लिए काउंसलिंग कक्ष बनाएं, गुडटच बेडटच की जानकारी दें। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी की बैठक में दिए। इस अवसर पर कलेक्टर संदीप जी आर ने सभी से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और उनका मौके पर ही निराकरण करने की निर्देश दिए।

कलेक्टरने प्राचार्यों से कहा कि आप अपने विद्यालय में अपने घर की तरह उसका रखरखाव करें और अपने बच्चों की तरह विद्यालय के बच्चों का ध्यान दें और जर्जर भवनों को दो दिवस में गिराकर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें इसके बाद भी यदि कोई घटना घटती है तो इसके लिए सीधा जिम्मेदार प्राचार्य सहित अन्य अधिकारी होंगे। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक की छात्राओं के लिए काउंसलिंग कक्ष बनाएं जिससे उनकी समस्याओं को समझा जा सके और उनको सुनकर उनका निराकरण करें। उन्होंने कहा कि काउंसलिंग कक्ष में काउंसलिंग करने के बाद यदि कोई समस्या होती है तो तत्काल इसकी जानकारी संबंधित के छात्रा के अभिभावक एवं वरिष्ठ अधिकारियों को दें। शासन की योजना यह पेड़ मां के नाम के तहत सभी अपने-अपने विद्यालयों में पौधारोपण करें और पौधा रोपण के समय कम से कम पांच पौधे मुँनगा के अवश्य लगाएं। किसी भी विद्यालय में पाठ्य पुस्तक एवं साइकिल वितरण की पश्चात विद्यालय में उनका स्टॉक मौजूद नहीं रहना चाहिए। शत प्रतिशत बच्चों को जो पात्र हैं उनको साइकिल सहित अन्य शासन की योजनाएं के लाभ प्रदान करें उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग से विगत वर्ष कक्षा दसवीं बारहवीं का परीक्षा परिणाम में जो 15% की बढ़ोतरी हुई है उसके लिए आप सभी को बधाई।

### अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर पुरस्कार वितरण

**विदिशा।** अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कलेक्टर अंशुल गुप्ता मुख्य अतिथि रहे। एक जून से 26 जून तक नशा निवारण अभियान अंतर्गत निबंध, चित्रकला, पोस्टर, प्रश्नोत्तरी, मिनी मैराथन आदि प्रतियोगिताएं कराई गईं। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। अतिथियों ने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नशे से होने वाले नुकसान की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे सभी ने सराहा।

## नशे के खिलाफ नगर पालिका ने जारी किया पोस्टर



**विदिशा।** ड्रग से दूर रहो और आदत छोड़ो नशामुक्त जीवन जियो का संदेश देते हुए विदिशा नगरपालिका द्वारा पोस्टर जारी किया गया। गुरुवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता की उपस्थिति में पोस्टर जारी किया गया। इस दौरान घनश्याम बंसल, देवेश आर्य, विमल प्रकाश तारण, अनिल पुरोहित, अनिल जैन, राजेंद्र स्वर्णकार, अतुल वर्मा, अनिल वर्मा आदि मौजूद रहे।

# स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में फ्लाइंग लेफ्टिनेंट शानन गोयल ने बच्चों को दिए सफलता के मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विदिशा की प्रतिभाशाली बेटी शानन गोयल ने भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग लेफ्टिनेंट बनकर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने ऑल इंडिया 10वीं रैंक प्राप्त कर यह गौरव हासिल किया। उनकी इस अद्भुत उपलब्धि के उपलक्ष्य में स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें और उनके माता-पिता विष्णु गोयल एवं ज्योति गोयल को सम्मानित किया गया। शानन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा के बाद आईआईटी, बीएमयू, वाराणसी से




केमिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में परीक्षा उत्तीर्ण कर भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग लेफ्टिनेंट का पद प्राप्त किया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए शानन ने अपने अनुभव साझा किए और सफलता के महत्वपूर्ण मंत्र बताए। उन्होंने कहा कि यदि आप डिफेंस फोर्सेज़ में करियर बनाना चाहते हैं, तो जनरल नॉलेज, रीजनिंग और ग्रुप डिस्कशन पर विशेष ध्यान दें। साथ ही, शारीरिक रूप से फिट रहना और खेलकूद में सक्रिय रहना भी बेहद आवश्यक है। शानन ने बताया कि जब वे विदिशा लौटी थीं, तब उन्हें तैराकी नहीं आती थी। लेकिन स्प्रिंगफील्ड स्कूल में कोच कमलेश सर की मदद से मात्र चार दिनों में तैराकी सीख ली, जो उन्हें एसएसबी इंटरव्यू के दौरान आत्मविश्वास प्रदान करने में बेहद सहायक साबित हुआ। स्कूल के डायरेक्टर मीनल राणा ने कहा शानन गोयल आज की युवा पीढ़ी के लिए एक आदर्श हैं। उनका सफर यह प्रमाणित करता है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए, तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं होती।

# समझदारी से करें चयन: डीएपी उर्वरक के विकल्पों से भी हो सकता है बेहतर उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

परंपरागत रूप से किसान भाई वर्षों से डी.ए.पी. (डाय-अमोनियम फॉस्फेट) का उपयोग फसलों में नाइट्रोजन (18%) और फॉस्फोरस (46%) की पूर्ति के लिए करते आ रहे हैं। लेकिन अब विशेषज्ञों का कहना है कि डी.ए.पी. के विकल्प के रूप में अन्य उर्वरकों का प्रयोग करके किसान न केवल आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति कर सकते हैं, बल्कि बेहतर उत्पादन और लागत में संतुलन भी हासिल कर सकते हैं।

### एनपीके कॉम्प्लेक्स उर्वरक बेहतर विकल्प

अगर किसान एनपीके 12:32:16 का उपयोग करते हैं, तो उन्हें नाइट्रोजन और फॉस्फोरस के साथ-साथ पोटाश (पोटैशियम) भी मिलता है। यह उर्वरक दानों में चमक लाने, वजन बढ़ाने और पौधों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में सहायक होता है।

इसी तरह एनपीके 20:20:0:13 उर्वरक का प्रयोग नाइट्रोजन और फॉस्फोरस के साथ-साथ सल्फर की पूर्ति करता है, जो पौधों की गुणवत्ता और वृद्धि में सहायक है। यूरिया और सिंगल सुपर फास्फेट (SSP) का संयोजन भी नाइट्रोजन और फॉस्फोरस की आवश्यकता पूरी कर सकता है। इसके अलावा, SSP के उपयोग से पौधों को सल्फर और कैल्शियम जैसे अतिरिक्त पोषक तत्व भी मिलते हैं, जो मृदा की उर्वरता को बनाए रखते हैं।

### मिट्टी परीक्षण है जरूरी

विशेषज्ञों की सलाह है कि किसान अपने खेत की मिट्टी की जांच अवश्य कराएं और प्रयोगशाला से प्राप्त सिफारिशों के आधार पर उर्वरकों का संतुलित उपयोग करें। भूमि की दीर्घकालिक उर्वरता बनाए रखने के लिए रासायनिक उर्वरकों के साथ-साथ गोबर खाद, कम्पोस्ट खाद, वर्मी कम्पोस्ट आदि जैविक खादों का उपयोग अवश्य करें।











# मूसलाधार बारिश ने मचाया कोहराम

## वीरपुर में कच्चा टपरा गिरने से एक परिवार के 5 लोग हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले की तहसील बेगमगंज के दोपहर करीब 12 बजे ग्राम वीरपुर में बारिश के चलते एक कच्चे टपरे पर पालीथिन डली हुई थी। वह तेज आंधी बारिश से धराशायी हो गया। छप्पर गिरने से पति-पत्नी सहित उनके तीन बच्चे घायल हो गए हैं। जिनमें कैलाश अहिरवार पिता मल्थू अहिरवार 40 वर्ष, उसकी पत्नी भगवती बाई 28 वर्ष, कैलाश के तीन पुत्रों में भागीरथ अहिरवार 18, कृष्णा 12 एवं विनय 19 वर्ष को मामूली चोटें आई है।

कैलाश अहिरवार का वीरपुर में पीएम आवास बन रहा है, तो उसके बाजू में कैलाश ने अस्थाई निवास चारों तरफ लकड़ी गाड़कर एक कमरा बनाकर प्लास्टिक पन्नी तान ली। ऊपर छाया के लिए उसके ऊपर काली पन्नी का छप्पर बनाकर पन्नी तान ली उसके ऊपर मिट्टी डाल ली थी कि पालीथिन हवा में ना उड़े। गुरुवार को जब तेज बारिश हुई तो पॉलीथीन का अस्थाई छप्पर पानी भरने से भरभराकर नीचे गिर गया। कच्चे टपरे के मलबे के नीचे कैलाश अहिरवार उसकी पत्नी ओर तीनों बच्चे दब गए। चीखपुकार सुनकर पड़ोसी मदद के लिए दौड़कर पहुंचे। उन्होंने दलित परिवार के पांचों सदस्यों को बाहर निकाला और इलाज के लिए सिविल अस्पताल बेगमगंज पहुंचाया।

बीएमओ डॉ. नितिन सिंह तोमर ने बताया कि पांचों को मामूली चोट है। इलाज के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। वहीं तेज बारिश से आज नदी-नाले उफान पर हैं। नगर के दशहरा मैदान के पास से निकलने वाला पलकमति नाला जलमग्न हो गया है। जिसके कारण आसपास की दुकानों एवं मकानों में पानी भर गया।

वहीं जनपद पंचायत कार्यालय के सामने वाली मार्केट भी जलमग्न हो गई। इसके अतिरिक्त पक्का फाटक चल समारोह मार्ग पर ज्यादा पानी होने से आसपास के घरों में पानी भरने के कारण पीड़ितों ने अपने घरेलू सामग्री का नुकसान होना बताया है। श्याम नगर के भी कुछ मकानों में पानी भरने की जानकारी मिली है। इसके अतिरिक्त निचली बस्तियों मंडी, मुकरबा में भी पानी भरने के कारण कई घरों में घरेलू सामान का नुकसान होना बताया गया है।

तहसीलदार एसआर देशमुख अपनी टीम के साथ निरीक्षण करने निकले हैं।उन्होंने बताया कि वीरपुर गांव एक अस्थाई पालीथिन का टपरा गिरने से 5 लोग पालीथिन वाला छप्पर जिसके ऊपर मिट्टी डली थी उसके नीचे दबने की खबर मिलने पर वह स्वयं एवं एसडीएम , एसडीओपी मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज कराया गया। सभी पूरी तरह से सुरक्षित है। किसी को गंभीर चोट नहीं है।





### आधे दर्जन घर की दीवारें भी गिरीं

*बारिश से अभी तक 6 अन्य घरों की दीवारों एवं छप्पर गिरने के आवेदन आए हैं। किसी प्रकार की जनहानि का समाचार नहीं मिला है। कुछ जगह पानी भरने से दुकानों एवं मकान के अंदर ज्यादा पानी जाने से घरेलू सामान का नुकसान होना बताया जा रहा है। सभी पटवारियों को सचेत कर दिया गया है कि अपने-अपने क्षेत्र में तेज बारिश के चलते नजर रखें। यदि किसी प्रकार की कोई जनहानि होती है तो तत्काल रिपोर्ट दें।*



## भारी बारिशः सुल्तानगंज मार्ग बंद, पांडाझिर की पुलिया धराशाई

गुरुवार को सुबह से तहसील बेगमगंज कस्बा सुल्तानगंज सहित आसपास के अंचलों में हुई बारिश ने काफी तबाही मचाई।

पहली बार क्षेत्र में लगी बारिश की झड़ी से क्षेत्र की जीवन रेखा नदी बीना, पलकमति, पाराशरी सहित अन्य नदियों की जमकर धार बह निकली। तेज बारिश से नदियां पुल पर जलमग्न हो गई है। रास्ते बंद होने से नागरिकों का आवागमन बंद हो गया है। कहीं रिमझिम तो कहीं तेज बारिश की झड़ी ने लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। तेज बारिश के कारण बेगमगंज-सुल्तानगंज निर्माणाधीन मार्ग पर बनाई गई अस्थाई पुलिया पांडाझिर के पास दुधई नदी का पुराना पुल तोड़कर नया पुल बनाया जा रहा है जो आज तक अधूरा है। जहां से आवागमन के लिए अस्थाई रूप से नीचे साइड से एक पुलिया बनाई गई थी आज उस पुलिया के टूटने से सड़क संपर्क पूरी तरह टूटने से बेगमगंज सुल्तानगंज मार्ग बंद हो गया है। सुल्तानगंज सड़क पर सुबह 11 बजे से पूरी तरह से आवागमन बंद है।

लोगों को 10 किलोमीटर आगे वीरपुर का चक्कर लगाकर तहसील मुख्यालय बेगमगंज आना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण के संबंधित ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरतने का खामियाजा आज क्षेत्रवासी भुगत रहे हैं। दोनों तरफ आवागमन प्रभावित हो रहा है।



वीरपुर से आवागमन करने वाले सिंगल रोड़ होने के कारण वाहनों की क्रॉसिंग में परेशानी हो रही है। इसलिए अब सुल्तानगंज तरफ से बेगमगंज आने वाली बसों या डंपर - ट्रक अथवा अन्य लोगों को जल्दी के कारण सिलवानी होकर आना पड़ रहा है।

### इनका कहना है

हमने सड़क निर्माण से संबंधित अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। ठेकेदार द्वारा जल्द ही पुनः निर्माण करके आवागमन खोले जाने की पहल की जाएगी।

- **राजाराम अहिरवार**, एसडीओ, लोक निर्माण विभाग।

# देशी व विदेशी मदिरा जब्त कर 7 पर प्रकरण, 6 आरोपी गिरफ्तार

## अवैध मदिरा के विरूद्ध लगातार आबकारी विभाग की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

क्षेत्र में अवैध मदिरा, विक्रय, परिवहन के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की शिकायतों के आधार पर ग्राम नूरनगर, धनाश्री में अपना रेस्टोरेंट, टेकरी मोहल्ला बाड़ी, ठाकुर मोहल्ला बरेली एवं कम्पोजिट मदिरा दुकान बरेली के बगल में स्थित दो मिनी होटल, रेस्टोरेंट पर दविश देकर 7 आरोपियों पर प्रकरण कायम कर विवेचना में लिए गए।

वहीं मौके से 6 आरोपी दीपक चौरसिया, मांगीलाल आदिवासी, नरेन्द्र आदिवासी, पिद्दी कोली, देव सिंह धाकड़ एवं अमन हरिजन को मौके से गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में एक आरोपी अज्ञात है, जिसे मालूम कर शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।



### महुआ लाहन नष्ट

कार्यवाही में 15 बीयर, 37 पाव मसाला मदिरा, 40 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त कर आबकारी विभाग ने कब्जा में लिया। तकरीबन 380 किलो महुआ लाहन को जप्त कर मौके पर सेंपल लेकर नष्ट किया। जप्त मदिरा की कीमत 52185 रू. आंकलित की गई।

आरोपियों को पकड़ने में आबकारी एसआई राजेश विश्वकर्मा, रामस्वरूप पटेल, आरक्षक श्वेता शिवहरे की सक्रिय भूमिका रही।

# कीचड़ से सराबोर सांची



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

बारिश के चलते नगर के चारों तरफ कीचड़ ही कीचड़ नजर आ रहा है। नगर परिषद के सारे विकास के कार्य ठप नजर आ रहे हैं। गुलगांव चौराहे से हेडगेवार कॉलोनी तक पूरा शहर कीचड़ से भरा पड़ा है। लोग घरों से बाहर नहीं निकाल पा रहे है।

नगर में जल संवर्धन योजना के तहत होने वाली खुदाई ने सड़कों को तहस-नहस कर दिया है। वहीं समय का कोई निश्चित टाइम नहीं है। 2 वर्ष में पूर्ण होने वाले निर्माण कार्य को वह 5 वर्ष में भी पूरा नहीं कर सकी।

लोग समस्याओं को लेकर नगर परिषद पहुंच रहे हैं और नगर परिषद उनको दो-तीन दिन बाद काम हो जाने का आश्वसासन देते है।

पहली बारिश में ही जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है, तो आगामी दिनों में क्या हाल होगा। नगर की सड़के गड्ढों में तब्दील हो गई है, पैदल चलने लायक भी नहीं बची हैं। यह तो हल्की बारिश हुई है अभी पूरा बारिश का सीजन है। इन दिनों में नगर का क्या हाल होगा या आने वाला समय ही बताएगा।

# सड़क में बने तालाबनुमा गड्ढे से 4 गांव के ग्रामीणों को निकलना हुआ दूभर

## गड्ढे में गिरकर कई लोग हो चुके हैं घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम कढ़ैया, निनोद, सरार, आनंदपुरा और सिंगरामपुर के ग्राम वासी कई वर्षों से रोड के लिए तरस रहे थे। जैसे-जैसे रोड बनकर तैयार भी हो गया लेकिन निजी भूमि आने के कारण लगभग 200 फुट का रोड ठेकेदार ने अधूरा छोड़ दिया है।

बरजोरपुर रोड से लेकर कढ़ैया तक रोड का निर्माण सागर कंस्ट्रक्शन द्वारा किया गया। लेकिन बरजोरपुर रोड में गहरा तालाबनुमा गड्ढा होने के कारण पानी भरा हुआ है, जिससे आवागमन में ग्रामीणों को परेशानी हो रही है।

ग्रामीण हमीर सिंह, मलखान सिंह, बलवान सिंह, उधम सिंह, हरि नारायण, भगवान सिंह, सोनू मीणा ने बताया कि बरजोर पुर रोड मैं तालाब नुमा गड्ढा हो गया है। इस गड्ढे में पानी भरा हुआ है। जब हम लोग गाड़ी लेकर निकलते हैं तो गाड़ी का पूरा पहिया उस गड्ढे में धंस जाता है जिससे गिरने की संभावना ज्यादा होती है कई ग्रामीण इस गड्ढे में गिर कर घायल हो चुके हैं।



### प्रधानमंत्री सड़क में बने हुए गड्ढे

हमने ग्राम बरजोरपुर से ग्राम कढ़ैया तक सड़क निर्माण का लोनिवि से ठेका लिया था, जो बनकर तैयार हो गई है। सड़क में जो गड्ढे बने हुए है वह बरजोरपुर में बने प्रधानमंत्री रोड में हुआ है। इसमें हम कुछ नहीं कर सकते।

- **सागर साहू**, ठेकेदार सागर कंस्ट्रक्शन भोपाल।

# नसबंदी के बाद भी हुई संतान, महिला ने लगाई मदद की गुहार



◆ महिला ने कलेक्टर से शिकायत क आर्थिक सहायता की मांग की

**सलामतपुर**। क्षेत्र के ग्राम बरजोरपुर की एक महिला ने कलेक्टर को आवेदन देकर शिकायत कराई कि उसका नसबंदी ऑपरेशन फेल हो गया है। महिला ने बताया कि उसने भोपाल अस्पताल में नसबंदी करवाई थी। ऑपरेशन के बाद भी उसे तीसरी संतान हो गई। महिला ने कहा कि ऑपरेशन के बाद उसे किसी तरह की जानकारी नहीं दी गई। अब वह मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान है। महिला ने रायसेन कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा से गुहार लगाई कि उसे अस्पताल से न्याय दिलाया जाए। साथ ही उचित सहायता भी दी जाए।

# सुबह झमाझम हुई बारिश, शाम को आसमान पर छाए बादल

**सिलवानी**। गुरुवार अलसुबह से ही नगर सहित अचंल के ग्रामो में झमाझम बारिश का दौर चला। जो सुबह करीब 11 बजे तक अनवरत चलता रहा। बीते 1 जून से गुरुवार की सुबह तक 170.8 एम एम बर्षा दर्ज की गई जबकि बीते साल इसी दिनांक तक 100 एम एम वर्षा दर्ज की गई। अल सुबह सें हुई बारिश से नगर जलमग्न हो गया। बारिश होते ही किसान कृषि कार्य में जुट गए है।

धान की फसल की तैयारियों के तहत खेतों में बनाए गड़ो की ट्रेक्टर से मिट्टी मचाने का सिलसिला किसानों द्वारा शुरू कर दिया है। गड़ो की मिट्टी मचाने के बाद उसे पानी से लबालब भरा जाएगा इसके बाद धान के पौधों की रोपाई की जाएगी। ठंडी हवा से मौसम में ठंडक बढ़ गई। अचानक बारिश होने से लोग इधर उधर भागते नजर आए। बच्चों ने बारिश के पानी में भीगकर खूब मजे किए। बारिश के बाद खेतों में पानी भर गया है। मानसून सक्रिय होने से पहले किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे थे। अब लगातार बारिश हो रही है, जिससे किसानों को कृषि कार्य करने में सहजता होगी।

# भगवान आदिनाथ का मनाया जन्म कल्याणक, निकली शोभायात्रा

## किशोरवय आयु के बच्चों को दी धर्म संस्कारों की सीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

चैनपुर रोड शक्ति नगर में नव निर्मित 1008 मुनि सुब्रतनाथ जिनालय में 22 जून से पंच कल्याणक महोत्सव मनाया जा रहा है। भगवान आदिनाथ का प्रथम जन्म कल्याणक पाण्डुक शिला पर अभिषेक कर मनाया गया। भगवान ने इन्द्र इन्द्राणी ध्वजारोहण परिवार के साथ नगर भ्रमण किया। जैन मुनि पू. अक्षय सागर महाराज द्वारा आठ वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को धर्म संस्कारो की सीख दी।

जैन मुनि अक्षय सागर महाराज ने कहा कि विभिन्न बीमारियां तेजी से बढ़ रही है। हार्ट अटैक सहित अन्य गंभीर बीमारियों से बचने के लिए व्यक्ति का खानपान शुद्ध होना चाहिए, तली हुई चिकनाई वाली वस्तुए भोजन में नहीं होना चाहिए। कहा कि महिलाओं का श्रंगार भी शालीन होना चाहिए, जीने के लिए जैन धर्म को अपनाये।



**निकली शोभायात्रा :-** *सौधर्म इंद्र और शची इंद्राणी ने इंद्रसभा में भगवान का जन्मोत्सव मनाया। नृत्य नाटिका ने श्रद्धालुओं को भाव विभोर और आनंदित कर दिया। भगवान का नगर भ्रमण हुआ। इंद्र, इंद्राणी, महामंडलेश्वर, राजा, कुबेर, यज्ञ नायक ध्वजारोहण परिवार महापात्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। सभी के द्वारा पुण्यार्जन किया। सौधर्म इन्द्र ने पाण्डुक शिला पर भगवान का प्रथम जन्म अभिषेक किया।*

## नशा मुक्त भारत अभियान का समापन कार्यक्रम आयोजित

# नशा बना सामाजिक अभिशापः डॉ प्रभुराम चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

नशामुक्ति के प्रति जनजागरूकता लाने सरकार भरसक प्रयास कर रही है। इसके लिए शासन द्वारा एक माह से नशामुक्ति अभियान से चलाया जा रहा है, जिसका गुरुवार को वन परिसर हॉल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी विशेष रूप से शामिल हुए।

कार्यक्रम में विधायक डॉ चौधरी ने अपने संबोधित में कहा कि नशीले पदार्थो से केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य पर ही विपरीत प्रभाव नहीं होता, बल्कि उनकी सामाजिक, आर्थिक स्थिति भी खराब होती है। नशीले पदार्थो के सेवन में व्यक्ति की सोचने-समझने की शक्ति क्षीण हो जाती है। नशे से केवल व्यक्ति विशेष ही प्रभावित नहीं होता, बल्कि उसका पूरा परिवार प्रभावित होता है। नशे में व्यक्ति कई अनैतिक काम भी कर बैठता है, जिसका पछताया उसे नशा उतरने के बाद होता है। इसलिए हमें नशे से दूर रहना चाहिए।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन तथा राकेश शर्मा ने भी संबोधित किया। समापन अवसर पर विधायक डॉ चौधरी तथा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन ने नशामुक्त भारत अभियान के तहत जिले में आयोजित की गईं वाद-विवाद, नुक्कड़ नाटक, रंगोली, मैराथन, चित्रकला, निबंध लेखन, फुटबॉल, कबड्डी सहित अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। साथ ही सभी को नशामुक्त रायसेन बनाने में योगदान देने की शपथ भी दिलाई गई।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक मनोज बाथम, अजंता ललित कला समिति से वेद प्रकाश शर्मा एवं उनकी टीम तथा संबंधित विभागों के अधिकारी, गणमान्य नागरिक, आमजन और विद्यार्थी उपस्थित रहे।




### प्रधानमंत्री की पहल पर शुरू हुआ नशामुक्ति अभियान

*विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि भारत को नशामुक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप नशामुक्त भारत अभियान शुरू किया गया जिसके तहत नागरिकों को नशीले पदार्थो के सेवन से होने वाले दुष्परिणाम, हानियों के बारे में विभिन्न माध्यमों से जानकारी देते हुए नशे का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित किया गया। सरकार द्वारा नशे का त्याग करने वाले लोगों के लिए नशामुक्ति केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति की नशे की लत छुड़वाकर हम उसके पूरे परिवार को बचा सकते हैं। यदि परिवार का कोई सदस्य, आसपड़ोस में या जान-पहचान में कोई व्यक्ति नशा करता है तो उसे नशे का त्याग करने के लिए प्रेरित करें।*